**Roll No.** | | | | | | | | |

(Write Roll Number from left side exactly as in the Admit Card)

*Signature of Invigilator*

**Question Booklet Series** **X**

**PAPER–II**

**Question Booklet No.**
(Identical with OMR Answer Sheet Number)

**Subject Code : 04**

# HINDI

*Time : 2 Hours* *Maximum Marks: 200*

---

***Instructions for the Candidates***

1. Write your Roll Number in the space provided on the top of this page as well as on the OMR Sheet provided.
2. At the commencement of the examination, the question booklet will be given to you. In the first 5 minutes, you are requested to open the booklet and verify it:
   (i) To have access to the Question Booklet, tear off the paper seal on the edge of this cover page.
   (ii) Faulty booklet, if detected, should be got replaced immediately by a correct booklet from the invigilator within the period of 5 minutes. Afterwards, neither the Question Booklet will be replaced nor any extra time will be given.
   (iii) Verify whether the Question Booklet No. is identical with OMR Answer Sheet No.; if not, the full set is to be replaced.
   (iv) After this verification is over, the Question Booklet Series and Question Booklet Number should be entered on the OMR Sheet.
3. This paper consists of One hundred (100) multiple-choice type questions. All the questions are compulsory. Each question carries *two* marks.
4. Each Question has four alternative responses marked: (A) (B) (C) (D). You have to darken the circle as indicated below on the correct response against each question.

   *Example:* (A) (B) ● (D) , where (C) is the correct response.
5. Your responses to the questions are to be indicated correctly in the OMR Sheet. If you mark your response at any place other than in the circle in the OMR Sheet, it will not be evaluated.
6. Rough work is to be done at the end of this booklet.
7. If you write your Name, Roll Number, Phone Number or put any mark on any part of the OMR Sheet, except in the space allotted for the relevant entries, which may disclose your identity, or use abusive language or employ any other unfair means, such as change of response by scratching or using white fluid, you will render yourself liable to disqualification.
8. Do not tamper or fold the OMR Sheet in any way. If you do so, your OMR Sheet will not be evaluated.
9. You have to return the Original OMR Sheet to the invigilator at the end of the examination compulsorily and must not carry it with you outside the Examination Hall. You are, however, allowed to carry question booklet and duplicate copy of OMR Sheet after completion of examination.
10. **Use only Black Ball point pen.**
11. **Use of any calculator, mobile phone, electronic devices/gadgets etc. is strictly prohibited.**
12. **There is no negative marks for incorrect answer.**

# HINDI

## Paper II

**1.** 'नई कहानी' का पहला संग्रह किस संग्रह को माना जाता है?

(A) परिन्दे

(B) तपस्या

(C) कालाशुक्रवार

(D) मानसरोवर

**2.** *स्थापना: (A)* दो भाषाओं की परस्पर भिन्नता अनिवार्य रूप से परस्पर विरोधी ही है–यह सोचना निराधार है।

*तर्क: (R)* भिन्नता पूरक हो सकती है, विरोधी भी।

उत्तर

(A) *(A)* गलत *(R)* सही।

(B) *(A)* सही *(R)* गलत।

(C) *(A)* सही *(R)* सही।

(D) *(A)* गलत *(R)* गलत।

**3.** 'चाहे इतिहास न हो, विज्ञान न हो, दर्शन न हो, पर कविता का प्रचार अवश्य रहेगा' — यह कथन किसका है?

(A) रामचंद्र शुक्ल

(B) हजारीप्रसाद द्विवेदी

(C) नंददुलारे वाजपेयी

(D) नामवर सिंह

**4.** 'स्वर्ग जाने में बूढ़ा-जवान क्या? आप तो सिद्ध हो, आपको गति-अगति से क्या? मैं फंसी चढूंगा।'— पस्तुत पंक्ति को किस पात्र ने कहा है?

(A) महन्त

(B) गोवर्धनदास

(C) नारायणदास

(D) राजा

**5.** 'देवरानी जेठानी की कहानी' का प्रकाशन वर्ष है–

(A) 1865 ई०

(B) 1870 ई०

(C) 1875 ई०

(D) 1876 ई०

**6.** निम्नलिखित विशेषताओं में कौन-सी विशेषता प्रचीन भारतीय आर्य भाषाओं की विशेषता नहीं है?

(A) इसमें संज्ञा और विशेषण के तीन लिंग होते थे।

(B) इसमें सर्वनामों के रूप अधिक जटिल थे।

(C) इसकी धातुएँ दस गणों में विभक्त थीं।

(D) इसमें संज्ञा, विशेषण, सर्वनाम में लगनेवाले तद्धित प्रत्ययों की संख्या दस थीं।

**7.** ''रसायण' शब्द से होते-होते 'रासो' हो गया है'—रासो काव्य के संबंध में यह किसकी उक्ति है?

(A) रामचन्द्र शुक्ल

(B) हजारीप्रसाद द्विवेदी

(C) मोतीलाल मेनारिया

(D) मिश्रबंधु

**8.** कल्पना प्रद्भूत होती है–

(A) प्रतिभा से

(B) मेधा से

(C) सैद्धान्तिक ज्ञान से

(D) व्यावहारिक ज्ञान से

**9.** भारतेन्दु द्वारा सम्पादित पत्रिका 'कविवचन सुधा' का प्रकाशन वर्ष है–

(A) 1866 ई०

(B) 1865 ई०

(C) 1868 ई०

(D) 1870 ई०

**10.** निम्नलिखित पंक्तियों को रचनाकारों के साथ सुमेलित कीजिए:

| | | | |
|---|---|---|---|
| (a) | रोया यक्ष कि तुम रोये थे | (i) | धूमिल |
| (b) | श्रेय नहीं कुछ मेरा | (ii) | मुक्तिबोध |
| (c) | यह तीसरा आदमी कौन है | (iii) | अज्ञेय |
| (d) | चमकते हैं खड़े इथियार उनके दूर तक | (iv) | नागार्जुन |

कूट:

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (iv) | (i) | (ii) | (iii) |
| (B) | (iii) | (ii) | (i) | (iv) |
| (C) | (iv) | (iii) | (i) | (ii) |
| (D) | (iii) | (i) | (ii) | (iv) |

**11.** 'संस्कृति के चार अध्याय' की प्रस्तावना का यह अंश—''यदि हम भारत को नहीं समझे तो हमारे भाव, विचार और काम सबके सब अधूरे रह जायेंगे।''—किनका है?

(A) डॉ० राजेन्द्र प्रसाद

(B) महात्मा गाँधी

(C) जवाहरलाल नेहरू

(D) सरदार पटेल

**12.** बालमुकुन्द गुप्त का लिखा हुआ निबंध 'बंग विच्छेद' किस पत्रिका में प्रकाशित हुआ था?

(A) अल्मोड़ा अखबार

(B) हरिशचंद्र चंद्रिका

(C) भारतमित्र

(D) सरस्वती

**13.** 'हमजोली' किस नाटक का पात्र है?

(A) महाभोज

(B) ध्रुवस्वामिनी

(C) आगरा बाजार

(D) सिंदूर की होली

**14.** 'बडे जीवनवाले हो बाबू, दुर्बल पतले हो, बडी हिम्मत दिखाई है। तुमसे डरकर ही वे पठान डिब्बे में से निकल गए।'— प्रस्तुत पंक्तियाँ किस कहानी की हैं?

(A) राजा निरंबसिया

(B) नेलकटर

(C) अमृतसर आ गया

(D) मांस का दरिया

**15.** ''खेल-तमाशे की चीजों से भोलेभाले आदमियों का जी ललचाता है। बह सौदागर की दुकान को अपने घर ले जाना चाहते हैं, परन्तु बुद्धिमान अपनी जरूरी चीजों के सिवाय किसी पर दिल नहीं दौड़ाते।''— किस पात्र की उक्ति है?

(A) मुंशी चुन्नीलाल

(B) लाला ब्रजकिशोर

(C) लाला मदनमोहन

(D) मास्टर शम्भूदयाल

**16.** 'पालि'- शब्द की उत्पत्ति किस शब्द से नहीं मानी जाती है?

(A) पंक्ति

(B) पालित

(C) पल्लि

(D) पाटलि

**17.** एक गुनी ने यह गुन कीना
हरियल पिंजरे में दे दीना
देखा जादूगर का हाल
डाले हरा निकाले लाल
—किस काव्य रूप से संबंधित पंक्तियाँ है?

(A) मुकरी
(B) पहेली
(C) दोहा
(D) सोरठा

**18.** वर्ड्‌सवर्थ ने किसे 'अधिक स्थायी और दार्शनिक भाषा' कहा है?

(A) मिल्टन की भाषा को।
(B) अपनी एवं मित्र कॉलरिज की भाषा को।
(C) नव्य शास्त्रीय काव्यभाषा को।
(D) ग्रामीण भाषा को।

**19.** '' भारतेन्दु युग में जनचेतना पुनर्जागरण की भावना से अनुप्राणित थी।''— यह कथन किस आलोचक का है?

(A) नगेन्द्र
(B) रामविलास शर्मा
(C) हजारीप्रसाद द्विवेदी
(D) नामवर सिंह

**20.** 'प्रियप्रवास' के लिए हरिऔध ने कौन सा नाम पहले रखा था?

(A) विरहिणी ब्रजांगना
(B) ब्रजांगना विलाप
(C) कान्हप्रिया
(D) राधायन

**21.** ''शरीर रहने तक मनुष्य को क्या-क्या सहना पड़ता है, शरीर छूटा कि सारे दु:ख दर्द चिंताएँ-व्यथाएँ, शोक-संताप विलुप्त।''

'क्या भूलूँ क्या याद करूँ' का यह कथन किसका है?

(A) नायब साहब
(B) बाबा भोलानाथ
(C) श्यामा
(D) लेखक

**22.** 'नाखून क्यों बढ़ते हैं' - शीर्षक निबंध आचार्य द्विवेदी ने किसकी जिज्ञासा की पूर्ति के लिए लिखा था?

(A) अन्तर्मन की जिज्ञासा
(B) पुत्री की जिज्ञासा
(C) सभ्यता संकट से उपजी जिज्ञासा
(D) सांस्कृतिक जिज्ञासा

**23.** रचनाक्रम के अनुसार प्रसाद के नाटकों का सही अनुक्रम हैं–

(A) जनमेजय का नागयज्ञ, स्कंदगुप्त, चंद्रगुप्त, ध्रुवस्वामिनी
(B) स्कंदगुप्त, चंद्रगुप्त, ध्रुवस्वामिनी, जनमेजय का नागयज्ञ
(C) स्कंदगुप्त, चंद्रगुप्त, जनमेजय का नागयज्ञ, ध्रुवस्वामिनी
(D) जनमेजय का नागयज्ञ, स्कंदगुप्त, ध्रुवस्वामिनी, चंद्रगुप्त

**24.** 'नवल किशोर' किस कहानी का पात्र है?

(A) ग्यारह वर्ष का समय
(B) इंदुमति
(C) परमात्मा का कुत्ता
(D) दुलाईवाली

**25.** प्रेमचन्द के किस उपन्यास को प्रकाशित हुए सौ वर्ष पूरे हो रहे हैं?

(A) सेवासदन

(B) गवन

(C) निर्मला

(D) प्रेमाश्रम

**26.** 'पालि' शब्द का प्रयोग पहलीबार किसने किया था?

(A) आचार्य बुद्धघोष

(B) मगध सम्राट अशोक

(C) मैक्समूलर

(D) महाराजकुमार महेन्द्र

**27.** निम्नलिखित रचनाओं को रचनाकारों के साथ सुमेलित कीजिए:

| सूची-I | सूची-II |
|---|---|
| (a) मतिराम | (i) सतसई |
| (b) वृन्द | (ii) प्रेमतरंग |
| (c) देव | (iii) शृंगार मंजरी |
| (d) चिंतामणि | (iv) वृत्तकौमुदी |

कूट :

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (iv) | (i) | (ii) | (iii) |
| (B) | (ii) | (i) | (iv) | (iii) |
| (C) | (iii) | (i) | (ii) | (iv) |
| (D) | (iv) | (ii) | (iii) | (i) |

**28.** इलियट ने 'वस्तुनिष्ठ समीकरण' का उल्लेख किया हैं–

(A) 'दि सैक्रड वुड' में

(B) 'सेलेक्टेड एस्सेज' में

(C) 'दि मेटाफिजिकल पोएट्स' में

(D) 'एलिजाबेथन एस्सेज' में

**29.** फोर्ट विलियम कॉलेज, कलकत्ता के भाषा मुंशी थे

(A) सदासुख लाल नियाज

(B) राजा शिवप्रसाद सितारे हिंद

(C) राजा लक्ष्मण सिंह

(D) सदल मिश्र

**30.** मिलट राज पृथ्वीराज सों, कही राव चामंड
रेवातट जो मन करौ,(तौ) वन अपुब्ब गज मुंड
—इन पंक्तियों का भाव क्या है?

(A) सेनापति चामंड राय द्वारा रेवातट पर शिकार करने हेतु पृथ्वीराज को प्रेरित कर रहा है।

(B) चामंड द्वारा देवगिरि जीतने पर उनकी बधाई की है।

(C) चामंड हाथियों की जातियों के विषय में बता रहा है।

(D) हाथियों को खिलाकर उन्हें हृष्ट पुष्ट करने का वर्णन है।

**31.** 'भोलाराम का जीव' में भोलाराम की पत्नी नारद से कहती है

(A) दयानिधान, मैं कैसे बतलाऊँ कि क्या हो गया।

(B) आगे जाओ महाराज।

(C) वह समस्या तो कभी की हल हो गयी।

(D) गरीबी की बीमारी थी।

**32.** 'नर के रूप में लीला करनेवाले नारायण निर्वासन की व्यवस्था झेलें, पर नर के रूप में उनकी ईश्वरता का बोध दमकता रहे'— पंक्ति किस निबंध की है?

(A) भारतवर्षोन्नति कैसे हो सकती है

(B) मजदूरी और प्रेम

(C) मेरे राम का मुकुट भीग रहा है

(D) उत्तराफाल्गुनी के आस-पास

**33.** निम्नलिखित नाटकों को उनमें आये गीतों के साथ सुमेलित कीजिए:

| सूची-I | सूची-II |
|---|---|
| (a) भारत दुर्दशा | (i) लोभपाप को मूल है, लोभ मिटवत मान। |
| (b) अंधेर नगरी | (ii) जागो जागो रे भाई। सो अतनिसि बैस गवाई। जागो जागो रे भाई। |
| (c) अंधायुग | (iii) मसल उठेगी सकरूण की वीणा, किस हृदय को होगी पीड़ा। |
| (d) अजातशत्रु | (iv) यों गये बीतते दिन पांडव शासन के नित और अशांत युधिष्ठिर होते जाते |

कूट :

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (ii) | (i) | (iv) | (iii) |
| (B) | (ii) | (iii) | (iv) | (i) |
| (C) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (D) | (iv) | (iii) | (ii) | (i) |

**34.** 'राजा निरंबंसिया' कहानी में चित्रित मूल समस्या कौन-सी है?

(A) धार्मिक समस्या

(B) राजनीतिक समस्या

(C) आर्थिक समस्या

(D) विभाजन की समस्या

**35.** 'राग दरबारी' उपन्यास को किस वर्ष साहित्य अकादमी पुरस्कार से पुरस्कृत किया गया?

(A) सन् 1968

(B) सन् 1969

(C) सन् 1970

(D) सन् 1971

**36.** अपभ्रंश की निम्नलिखित शाखाओं को उनके बोले जाने वाले प्रदेशों के साथ सुमेलित कीजिए:

| सूची-I | सूची-II |
|---|---|
| (a) पैशाची | (i) मथुरा और उसके आसपास के प्रदेश। |
| (b) शौरसेनी | (ii) मगध और उसके पूर्वीय प्रदेश। |
| (c) मागधी | (iii) अवध और काशी जनपद। |
| (d) अर्धमागधी | (iv) पश्चिमोत्तर प्रदेश। |

कूट :

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (i) | (iii) | (iv) | (ii) |
| (B) | (iii) | (iv) | (ii) | (i) |
| (C) | (iv) | (i) | (ii) | (iii) |
| (D) | (ii) | (iii) | (i) | (iv) |

**37.** निम्नलिखित रचनाओं का प्रकाशन-काल की दृष्टि से सही अनुक्रम लिखिए:

(A) चोखे चौपदे, प्रियप्रवास, वैदेही वनवास, पद्यप्रसून

(B) प्रियप्रवास, पद्यप्रसून, चोखे चौपदे, वैदेही वनवास

(C) प्रियप्रवास, चोखे चौपदे, वैदेही वनवास, पद्यप्रसून

(D) पद्यप्रसून, प्रियप्रवास, वैदेही वनवास, चोखे चौपदे

**38.** काव्य-बिंब का उद्देश्य नहीं है–

(A) वस्तु को प्रत्यक्ष करना

(B) कवि-दृस्टि को स्पष्ट करना

(C) काव्यार्थ को स्पष्ट करना

(D) सौन्दर्य को हृदयंगम बनाना

**39.** गाँधीवाद का प्रमुख स्तंभ है

(A) धर्म

(B) उपवास

(C) चरखा

(D) अहिंसा

**40.** 'कहौ, मधुप, कैसे समायेंगे, एक म्यान में दो खाँड़े' —'दो खाँड़े' का मतलब है:

(A) निर्गुण पर सगुण की स्थापना

(B) निर्गुण का तिरस्कार

(C) निर्गुण और सगुण

(D) सगुण पर निर्गुण की स्थापना

**41.** यह उप-शीर्षक 'मुर्दहिया' आत्मकथा के अन्तर्गत नहीं आता है–

(A) अकाल में अंधविश्वास

(B) चले बुद्ध की राह

(C) आजमगढ़ की फाकाकशी

(D) दलित समाज की यंत्रणा

**42.** 'कविजी' उपनाम से हिंदी का कौन निबंधकार विख्यात है?

(A) प्रतापनारायण मिश्र

(B) बालमुकुन्द गुप्त

(C) विवेकी राय

(D) कुबेरनाथ राय

**43.** 'क्योंकि उनके पास शक्ति थी। व्यवस्था उनकी पीठ थप-थपाती ... याद है, जब तुमने विरोध की भाषा अपनायी, सत्ता ने तुम्हारे अस्तित्व पर तीव्र हमला किया। कभी प्रलोभन देकर, कभी आतंक जमाकर।'
— प्रस्तुत पंक्तियाँ किस नाटक की है?

(A) अंधायुग

(B) चन्द्रगुप्त

(C) भारत-दुर्दशा

(D) एक और द्रोणाचार्य

**44.** निम्नलिखित कहानियों को उनके केन्द्रीय विचारों से सुमोलित कीजिए:

| सूची-I | सूची-II |
|---|---|
| (a) आकाश दीप | (i) विस्थापन का दर्द |
| (b) ईदगाह | (ii) राष्ट्रीयता बोध |
| (c) चीफ की दावत | (iii) बाल मनोविज्ञान |
| (d) एक टोकरी भर मिट्टी | (iv) मध्यवर्गीय जीवन की पीड़ा |

कूट :

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (ii) | (iv) | (iii) | (i) |
| (B) | (ii) | (iii) | (iv) | (i) |
| (C) | (iv) | (ii) | (iii) | (i) |
| (D) | (iv) | (iii) | (i) | (ii) |

**45.** 'धरती धन न अपना' उपन्यास में भारत के किस प्रदेश का चित्रण हुआ है?

(A) उत्तर प्रदेश

(B) राजस्थान

(C) पंजाब

(D) महाराष्ट्र

**46.** नेपाली भाषा की लिपि कौन-सी है?

(A) तिब्बती

(B) गुरमुखी

(C) फारसी

(D) देवनागरी

**47.** छायावाद को 'खड़ीबोली कविता के संतप्त वातावरण में मलयानिल की एक शीतल सुगंधित साँस'— किसने कहा है?

(A) प्रभाकर माचवे

(B) शांतिप्रिय द्विवेदी

(C) इन्द्रनाथ मदान

(D) रामविलास शर्मा

**48.** 'कवित्वबीजं प्रतिभानम्'— किसकी उद्‌भावना है?

(A) वामन

(B) राजशेखर

(C) विश्वनाथ

(D) हेमचन्द्र

**49.** मनोविश्लेषण में किसने 'अवचेतन सिद्धांत' को विशेष महत्त्व दिया?

(A) एडलर
(B) फ्रॉयड
(C) युंग
(D) हर्बर्ट रीड

**50.** 'जय सगुन निर्गुन रूप-रूप अनुप भुप सिरोमने
सकंधरादि प्रचण्ड निसिचर प्रबल खल भुज बल हने'— इन पंक्तियों का उद्देश्य है?

(A) राम की शक्ति का परिचय कराना
(B) राम के गुणों का वर्णन करना
(C) राम की वंदना करना
(D) राम द्वारा दुष्टनिग्रह की बात करना

**51.** ''वहाँ तो न कोई तुम्हारे कूट पद और उलटवासियाँ समझेगा और न आल्हा-ऊदल की कथा सुनेगा।''— यह कथन किसका है

(A) मन्नु भंडारी
(B) ठकुरी बाबा
(C) महादेवी वर्मा
(D) शिवरानी देवी

**52.** 'निकम्मे रहकर मनुष्यों की चिंतन-शक्ति थक गई है। बिस्तरों और आसनों पर सोते और बैठे-बैठे मन की घोड़े हार गय हैं।'— पंक्तियाँ किस निबंध से है?

(A) मजदूरी और प्रेम
(B) नाखून क्यों बढ़ते हैं
(C) उठ जाग मुसाफिर
(D) संस्कृति और सौंदर्य

**53.** 'बिना हाड़-मांस का पुतला, या जो भी कह लो उसे — पर मेरी नजर में वह हर आदमी जैसा एक आदमी है — सिर्फ इतनी ही कमी है उसमें'। — प्रस्तुत संवाद किस नाटक का है और किसने कहा है?

(A) आषाढ़ का एक दिन — निक्षेप ने
(B) आधे-अधूरे — पुरुष यार ने
(C) आगरा बाजार — पानवाले ने
(D) एक और द्रोणाचार्य — अरविंद ने

**54.** 'करीमुद्दीन' किस कहानी का पात्र है?

(A) पिता
(B) राही
(C) अपना-अपना भाग्य
(D) परिन्दे

**55.** 'गोदान' का कौन-सा पात्र प्रेमचंद के प्रगतिशील विचारों का वाहक माना जाता है?

(A) होरी
(B) प्रोफेसर मेहता
(C) मिस्टर खन्ना
(D) पण्डित ओंकारनाथ

**56.** निम्नलिखित में से कौन-सी प्रवृत्ति ब्रजभाषा की प्रवृत्ति नहीं है?

(A) ऐ/ औ ब्रजभाषा की पहचान की विशेष ध्वनियाँ हैं।
(B) ब्रजभाषा में गिनती के शब्द खड़ीबोली के समान ही होते हैं।
(C) ब्रजभाषा के बहुवचन खड़ीबोली के अनुसार होते है।
(D) ब्रजभाषा में विशेषण का प्रयोग खड़ीबोली के समान होता है।

**57.** निम्नलिखित में राजेश जोशी का काव्य-संग्रह कौन-सा है?

(A) अपनी केवल धार

(B) सुनो कारीगर

(C) एक दिन बोलेंगे पेड़

(D) ज़मीन पक रही है

**58.** 'क्रेटिलुस' पुस्तक के लेखक हैं–

(A) प्लेटो

(B) क्विंटिलियन

(C) होरेस

(D) फिलिप सिडनी

**59.** अस्तित्ववाद के मूल तत्त्व हैं–

(A) मानव रचना और मानव आदतें

(B) ईश्वर और जगत

(C) दुःख और निराशा

(D) विद्रोह और पीड़ा

**60.** नागार्जुन ने उन्मत्त किन्नर-किन्नरियों का वर्णन किस कविता में किया है?

(A) कालिदास

(B) अकाल और उसके बाद

(C) बादल को घिरते देखा है

(D) मनुष्य हूँ

**61.** 'आवारा मसीहा' को विष्णु प्रभाकर ने कितने पर्वों में बाँटा है?

(A) तीन

(B) चार

(C) पाँच

(D) दो

**62.** 'मजदूरी और प्रेम' शीर्षक निबंध में पश्चिमी सभ्यता का कौन सा नया आदर्श कथित है?

(A) मनुष्यों की पूजा

(B) प्रकृति की पूजा

(C) चैतन्य-पूजा

(D) धन की पूजा

**63.** इनमें से कौन-सा नाटक हबीब तनवीर का नहीं है?

(A) देख रहे है नैनं

(B) सड़क

(C) मिट्टी की गाड़ी

(D) शाहजहाँ के आँसू

**64.** 'एक लपट जो लगती— किसी नशा सी चढ़ जाती'— प्रस्तुत पंक्ति किस कहानी की है?

(A) कोसी का घटवार

(B) परिन्दे

(C) कानो में कंगना

(D) गैंग्रीन

**65.** किस उपन्यास को आचार्य रामचन्द्र शुक्ल ने 'अंग्रेजी ढंग का मौलिक उपन्यास' माना है?

(A) भाग्यवती
(B) परीक्षा गुरू
(C) नूतन ब्रह्मचारी
(D) सेवासदन

**66.** निम्नलिखित में से कौन–सी बोली बिहारी हिन्दी की नहीं है?

(A) भोजपुरी
(B) मगही
(C) बाँगरू
(D) मैथिली

**67.** बौद्धकालीन परिप्रेक्ष्य में आधुनिक मानव की दुविधाग्रस्त मनस्थिति का चित्रण किस नाटक में हुआ है?

(A) आषाढ़ का एक दिन
(B) लहरों के राजहंस
(C) पैर तले की जमीन
(D) आधे–अधूरे

**68.** 'गोधन गजधन बाजिधन और रतनधन खान।
जब आवत संतोष धन, सब धन धूरि समान।।'
दोहे में कथित व्यंग्य है:

(A) अस्फुट व्यंग्य
(B) काक्वाक्षिप्त व्यंग्य
(C) तुल्यप्रधान व्यंग्य
(D) अगूढ़ व्यंग्य

**69.** उत्तर आधुनिकतावाद बल देता है–

(A) मूल्य के बजाय मूल्यहीनता पर
(B) विचारधारा के बजाय स्वच्छंदता पर
(C) केन्द्रीयता की अपेक्षा क्षेत्रीयता/ स्थानीयता पर
(D) आदर्श के बजाय अनुभव पर

**70.** 'महामौन' और 'अहं का चरम विलयन' की बात अज्ञेय की कौन सी कविता के मूल में है?

(A) असाध्यवीणा
(B) कितनी नावों में कितनी बार
(C) महावृक्ष के नीचे
(D) मैं वहाँ हूँ

**71.** शिवरानी देवी की कौन–सी कहानी 'चाँद' में छपी?

(A) साहस
(B) हत्या
(C) ईद
(D) घर

**72.** 'कविता क्या है' निबंध कविता के किस पक्ष को उद्घाटित करता है?

(A) काव्य–प्रयोजन पक्ष
(B) काव्य–कारण पक्ष
(C) काव्य–लक्षण पक्ष
(D) काव्य–रूप पक्ष

**73.** 'मेरा स्त्रीत्व क्या इतने का भी अधिकारी नहीं कि अपने को स्वामी समझनेवाला पुरूष उसके लिए प्राणों का प्रण लगा सके'। — प्रस्तुत पंक्ति किस नाटक की है?

(A) बकरी

(B) महाभोज

(C) ध्रुवस्वामिनी

(D) सिंदूर की होली

**74.** निम्नलिखित कहानियों को कहानी में आए स्थान के साथ सुमेलित कीजिए :

| सूची–I | सूची–II |
|---|---|
| (a) दुलाईवाली | (i) मीनोसवाद |
| (b) उसने कहा था | (ii) ननरपुर |
| (c) दुनिया का सबसे अनमोल रतन | (iii) मुगल सराय |
| (d) तीसरी कसम | (iv) अमृतसर |

कूट :

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (iii) | (ii) | (iv) | (i) |
| (B) | (iv) | (ii) | (i) | (iii) |
| (C) | (iii) | (iv) | (i) | (ii) |
| (D) | (iv) | (ii) | (iii) | (i) |

**75.** ''इस अंचल के लोग इसे 'नवाबी तड़बन्ना' कहते हैं।'' यहाँ 'नवाबी तड़बन्ना' का अर्थ है

(A) नवाबों का महल

(B) नवाबों का बनाया गया तालाब

(C) नवाबों का मुहल्ला

(D) नवाबों का लगाया हुआ ताड़ का वन

**76.** निम्नलिखित में से कौन–सा युग्म सही नहीं है?

(A) पूर्वी हिन्दी – ब्रज, बुन्देली

(B) पश्चिमी हिन्दी – कौरवी, हरियाणी

(C) राजस्थानी हिन्दी – मेवाती, मालवी

(D) पहाड़ी हिन्दी – कुमाऊँनी, गढ़वाली

**77.** तेजेन्द्र शर्मा की रचनाओं को किस साहित्यिक धारा में रख सकते है?

(A) आदिवासी

(B) किन्नर

(C) प्रवासी

(D) दलित

**78.** काव्य को 'शब्दार्थ शरीरं तावत्काव्यम्' किसने कहा?

(A) दण्डी

(B) रुद्रट

(C) भट्ट शंकुक

(D) आनन्दवर्धन

**79.** अंबेडकरवाद किस दर्शन को विशेष महत्त्व देता है?

(A) बौद्ध दर्शन

(B) जैन दर्शन

(C) न्याय दर्शन

(D) वैशेषिक दर्शन

**80.** 'नकसलबाड़ी' कविता में धूमिल ने कौन–सा विचार अभिव्यक्त किया है?

(A) राजनीति का अपराधीकरण

(B) स्वातंत्र्योत्तर भारत के मोहभंग की स्थिति

(C) संसद और सड़क की दूरी

(D) सांप्रदायिकता और आतंकवाद का प्रतिरोध

**81.** मन्नू भंडारी के आत्मविश्वास को लौटाने में किस शिक्षिका की भूमिका थी?

(A) मीना अग्रवाल
(B) सुशीला अग्रवाल
(C) शीला अग्रवाल
(D) अंबिका अग्रवाल

**82.** मलूकदास का दोहा 'अजगर करै न चाकरी पंछी करै न काम' किस निबंध में साभिप्राय उद्धृत हुआ है?

(A) भारतवर्षोन्नति कैसे हो सकती है
(B) नाखून क्यों बढ़ते है
(C) मजदूरी और प्रेम
(D) उठ जाग मुसाफिर

**83.** स्थापना *(Assertion) A* : उपेंद्रनाथ अश्क पहले नाटककार हैं जिन्होंने हिन्दी नाटक को रोमांस के कठघरे से निकालकर किसी सीमा तक आधुनिक भावबोध के साथ जोड़ा है।

तर्क *(Reason) R*: रोमांस ही नाटक का प्राणतत्व है। इसीलिए सभी नाटकों में रोमांस होता है।

(A) *(A)* और *(R)* दोनों गलत।
(B) *(A)* गलत *(R)* सही।
(C) *(A)* सही *(R)* गलत।
(D) *(A)* और *(R)* दोनों सही।

**84.** गंगानाथ दाहिने रहे, तो भले बुरे दिन निभा ही जाते है, जी! पेट का क्या है, घाट के खप्पर की तरह जितना डालो कम हो जाय। अपने पराये प्रेम से हंस-बोल दे, तो वह बहुत है दिन काटने के लिए — प्रस्तुत पंक्तियाँ किस कहानी की है?

(A) आकाश दीप
(B) सिक्का बदल गया
(C) कोसी का घटवार
(D) इन्सपेक्टर मातादिन चांद पर

**85.** ''बापू कहते हैं : जो पहने सो काते,
जो काते सो पहने।''– किस उपन्यास की पंक्तियाँ है?

(A) गोदान
(B) मैला आँचल
(C) झूठा सच
(D) शेखर एक जीवनी

**86.** अवधी का प्रथम ज्ञात काव्य कौन-सा है?

(A) भरत मिलाप
(B) पद्मावत
(C) चंदायन
(D) मृगावती

**87.** स्थापना *(A)* : महावीरप्रसाद द्विवेदी ने सरस्वती पत्रिका का संपादन करके हिन्दी भाषा के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

तर्क *(R)* : सरस्वती ही एकमात्र पत्रिका थी जिसने पूरे द्विवेदी युग में हिन्दी की सेवा की और उसका उत्कर्ष बढ़ा दिया।

कूट :

(A) *(A)* सही *(R)* गलत।
(B) *(A)* सही *(R)* सही।
(C) *(A)* गलत *(R)* गलत।
(D) *(A)* गलत *(R)* सही।

**88.** वर्ड्सवर्थ ने काव्यभाषा के लिए अनुपयुक्त अलंकार किसे माना?

(A) मानवीकरण
(B) रूपक
(C) अन्योक्ति
(D) अतिशयोक्ति

**89.** रमणिका गुप्ता द्वारा संपादित पुस्तक है

(A) आदिवासी सृजन

(B) आदिवासी साहित्य

(C) आदिवासी विमर्श

(D) आदिवासी साहित्य यात्रा

**90.** 'शक्ति के विद्युत्कण जो व्यस्त विकल बिखरे हैं हो निरुपाय'— 'कामायनी' के किस काव्य की पंक्ति है?

(A) इड़ा

(B) लज्जा

(C) श्रद्धा

(D) काम

**91.** 'माटी की मूरतें' में लेखक ने किसे 'माटी से बनी' कहा है?

(A) शरीर को

(B) भवन को

(C) जिंदगी को

(D) संसार को

**92.** 'उत्तराफाल्गुनी के आस पास' शीर्षक निबंध में निबंधकार अपना 48 वाँ पावस किस वर्ष मना रहा है?

(A) 1971 ई०

(B) 1972 ई०

(C) 1973 ई०

(D) 1974 ई०

**93.** 'अंधायुग' नाटक का प्रथम संस्करण वर्ष कौन-सा है?

(A) 2008 ई०

(B) 2010 ई०

(C) 2011 ई०

(D) 1965 ई०

**94.** 'अपना-अपना भाग्य' कहानी का केंद्रीय स्वर है

(A) राजनैतिक स्वर

(B) धार्मिक स्वर

(C) पहाड़ी बालक की त्रासदी का स्वर

(D) विभाजन का स्वर

**95.** 'सर्वसुख' किस उपन्यास का पात्र है?

(A) धरती धन न अपना

(B) बाणभट्ट की आत्मकथा

(C) मानस का हंस

(D) देवरानी जेठानी की कहानी

**96.** स्थापना *(A)* : संसार को समझना दर्शन का काम है, उसे बदलना राजनीति का और उसकी पुनर्रचना साहित्य का दायित्व है।

तर्क *(R)* : साहित्य भी दरअसल एक पुनर्रचना ही है।

कूट :

(A) *(A)* सही *(R)* गलत।

(B) *(A)* सही *(R)* सही।

(C) *(A)* गलत *(R)* सही।

(D) *(A)* गलत *(R)* गलत।

**97.** भरत ने 'नाट्यशास्त्र' में नाटक के लिए रसों की विहित संख्या मानी–

(A) आठ

(B) नौ

(C) दस

(D) ग्यारह

**98.** सुमेलित कीजिए :

| | |
|---|---|
| (a) राही मासूम रजा | (i) कुछ दिन और |
| (b) अब्दुल विस्मिल्लाह | (ii) कैसी आगी लगाई |
| (c) मंजूर एहतेशाम | (iii) अपवित्र आख्यान |
| (d) असगर वजाहत | (iv) टोपी शुक्ला |

कूट:

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (ii) | (iii) | (i) | (iv) |
| (B) | (iv) | (iii) | (i) | (ii) |
| (C) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (D) | (iii) | (i) | (iv) | (ii) |

**99.** रचनाकाल के आधार पर सही अनुक्रम लिखिए:

(A) अर्चना, परिमल, कुकुरमुत्ता, गीतगुंज

(B) परिमल, कुकुरमुत्ता, अर्चना, गीतगुंज

(C) परिमल, अर्चना, गीतगुंज, कुकुरमुत्ता

(D) अर्चना, गीतगुंज, परिमल, कुकुरमुत्ता

**100.** 'अवहट्ट' भाषा में रचित है

(A) संदेशरासक

(B) पउमचरिउ

(C) दोहाकोश

(D) कीर्तिलता

**ROUGH WORK**